St. Xavier's Sr. Sec. School
Delhi-54

Class : 6 | SUMMATIVE ASSESSMENT 2 | Marks: 30
Date: 22.02.16 | HINDI | Time: 30 minutes

Name:______________________________ Class & Sec. ____________ R. No.____________

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न – पत्र पर ही लिखिए।

I. सही विकल्प पर सही (√) का निशान लगाइए। (1X30=30)

1. पोलियो की दवा का आविष्कार किसने किया था?
   1. अल्बर्ट सेबीन  2. मार्शल  3. न्यूटन  4. अल्बर्ट जॉन
2. दोनों मित्र एक दूसरे को क्या कहकर पुकारते थे?
   1. दोस्त  2. मित्र  3. मीत  4. सखा
3. पीर शब्द का अर्थ है।
   1. पीड़ा  2. खुशी  3. पर्वत  4. नदी
4. शिक्षक ने छात्रों को सुधारने के लिए क्या प्रयास किया?
   1. दंडित किया  2. माता–पिता को बुलाया  3. कहानी सुनाई  4. घर भेजदिया
5. मंत्री ने अपने मित्र को राजधानी मार्ग पर किस रूप में देखा?
   1. भिक्षुक  2. रोगी  3. राहगीर  4. अपाहित
6. लेखक ने किसे फोन किया?
   1. बाढ़ नियंत्रक  2. पड़ोसियों  3. डॉक्टर  4. फ़ायर ब्रिगेड
7. शस्य – श्यामला का क्या अर्थ है?
   1. हरी – भरी  2. सूखी हुई  3. कीचड़ भरी  4. जलवाष्प
8. पोलियो दिवस का कैम्प कहाँ लगा था?
   1. अस्पताल में  2. स्कूल में  3. कॉलेज में  4. बाज़ार में
9. विगलित शब्द का क्या अर्थ है?
   1. पिघली हुई  2. बादल  3. जलज  4. अमृत
10. रात का पर्यायवाची शब्द है
   1. वाहिनी  2. कटक  3. फौज  4. रजनी
11. ज़रा शब्द का अर्थ है
   1. थोड़ा  2. जलना  3. गंध  4. धागा
12. सजावट शब्द में प्रत्यय है

1. आट   2. आवट   3. सजा   4. वट

13. बेचना का विशेषण शब्द है –

1. बिकता   2. बिका   3. बिकाऊ   4. बिकना

14. क्रिया का मूल रूप क्या कहलाता है ?

1. कर्म   2. एककर्मक   3. धातु   4. क्रिया–विशेषण

15. काल के कितने भेद होते हैं ?

1. पाँच   2. दो   3. चार   4. तीन

16. हम प्रतिदिन विद्यालय जाते हैं। इस वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द क्या है?

1. विद्यालय   2. हम   3. प्रतिदिन   4. जाते हैं।

17. निंदा का विलोम शब्द क्या है?

1. अनिद्रा   2. स्तुति   3. बड़ाई   4. नींद

Cont'd-----2/-



18. सही शब्द पर सही का निशान लगाइए।

'इतिहास से संबंधित'

1. इतिहास   2. ईतीहासिक   3. ऐतिहासिक   4. एतीहासिक

19. कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद होते हैं?

1. चार   2. तीन   3. दो   4. पाँच

20. क्रिया के जिस रूप से कार्य होने के समय का पता चले उसे क्या कहते हैं ?

1. क्रिया – विशेषण   2. काल   3. वचन   4. भूतकाल

21. पत्रकार शब्द में प्रत्यय है

1. र   2. आर   3. कार   4. पत्र

22. शरीर का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

1. तन   2. ललित   3. देह   4. काया

23. प्रासाद शब्द का क्या अर्थ है ?

1. भोग   2. महल   3. छाती   4. उद्देश्य

24. शाश्वत का विलोम शब्द क्या है?

1. अशाश्वत 2. शश्वतहीन 3. क्षणिक 4. नष्ट

25. वाक्यांश के लिए सही शब्द पर सही का निशान लगाइए?

'जो देखने योग्य हो'

1. दर्शक 2. दर्शनिय 3. दर्शनीय 4. दृष्टिकोण

26. हाथ का पर्यायवाची शब्द नहीं है

1. कर 2. पाणि 3. भुजा 4. प्रभा

27. वर्ण शब्द के सही अर्थ पर सही का निशान लगाइए।

1. लक्ष्मी 2. विधि 3. रंग 4. नियम

28. विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

1. क्रिया विशेषण 2. सर्वनाम 3. विशेष्य 4. प्रविशेषण

29. 'तलवार सिर पर लटकना' मुहावरे का सही अर्थ है

1. डरना 2. सिर में दर्द 3. मुसीबत में होना 4. पालना

30. 'चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए' लोकोक्ति का सही अर्थ है

1. दानी होना 2. परिश्रमी होना 3. कायर होना 4. बहुत कंजूस होना

***********

Class : 6 SUMMATIVE ASSESSMENT 2 Marks: 60
Date: 22.02.16 HINDI Time: 1½ hours

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर – पुस्तिका पर लिखिए।

I. रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखिए । (½x4=2)

1. उस लड़के को बुलाओ।
2. दुष्ट नौकर को पुलिस ने पकड़ लिया।
3. कुछ छात्र खेल रहे हैं।
4. ज़्यादा मीठा खाना सेहत के लिए अच्छा नहीं है।

II. क्रिया के भेद लिखिए। (½x4=2)

1. मृदुला ने नृत्य किया।
2. सुनील पढ़ रहा है।

3. माला ने खिलौने खरीदे।

4. राम उठ गया।

III. निर्देशानुसार काल परिवर्तन करके दुबारा लिखिए। (½x4=2)

1. राकेश पत्र लिखता है। (भविष्यत काल)

2. बच्चे खेल रहे थे। (वर्तमान काल)

3. अमित को पुरस्कार मिलेगा (भूतकाल)

4. बच्चों ने चुटकुले सुनाए (वर्तमान काल)

IV. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के अर्थ बताइए। (½x4=2)

1. कहानी का अंतिम पृष्ठ रोचक था।

2. हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए।

3. जीवन में उतार – चढ़ाव तो आते ही रहते हैं।

4. आकाश में घन छाया है।

V. अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। (1x2=2)

1. श्रीमती सरला सुप्रसिद्ध गायक हैं।

2. मैं आपका दर्शन करना चाहता हूँ।

VI. मुहावरों के अर्थ लिखिए। (1x2=2)

1. लहू का घूँट पीना    2. आग में घी डालना

VII. निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए। (½x4=2)

1. सपेरा    2. सूखा    3. बिछौना    4. पठनीय

VIII. लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए। (1x2=2)

1. गोरे पर काले का रंग चढ़ना    2. साँच को आँच नहीं

IX. शब्दार्थ लिखिए। (½x4=2)

1. पावस    2. आरंभिक    3. एकत्र    4. उन्मूलन

X. वाक्यों को पढ़कर रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए। (½x4=2)

1. ठंडी – ठंडी वात में खड़े होकर दो मित्र बात कर रहे हैं।

2. उसके सुत ने सूत से बाँध दिया।

XI. मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए। (4)

XII. अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाषा द्वारा मनुष्य की सामाजिकता कायम है, किंतु भाषा का दुरुपयोग ही उसे छिन्न – भिन्न कर देता है। एक मधुर शब्द अच्छा संबंध बना देता है और एक ही कटु शब्द दो मित्रों के मन में वैमनस्य उत्पन्न कर देता है। अब प्रश्न यह है कि मधुर भाषण किसे कहते हैं? साधारण तथा जो वस्तु मनोनुकूल होती है, जिससे मन खुश होता है वही मधुर कहलाती है। वचनों की मधुरता हृदय – द्वार खोलने की कुंजी है। वचनों का आकर्षण न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण और चुंबक के आकर्षण से भी बढ़कर है। वार्तालाप की शिष्टता मनुष्य को आदर का पात्र बनाती है और समाज में उसकी सफलता के लिए रास्ता साफ़ कर देती है।

1. मनुष्य की सामाजिकता किससे छिन्न – भिन्न होती है ? (1)
2. वार्तालाप की शिष्टता से मनुष्य क्या पाता है ? (1)
3. कटु शब्द से क्या हानि होती है ? (1)
4. हृदय – द्वार खोलने की कुंजी क्या है ? (½)
5. आदर शब्द का विलोम शब्द लिखिए । (½)

XIII. तीन चार वाक्यों में उत्तर दीजिए। (3x3=9)

1. पोलियो शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है और इससे किस प्रकार की हानि होती है ?
2. सरकारी अधिकारी ने लेखक को फ़ोन करने से मना क्यों किया ?
3. व्यापारी मीत का व्यापार दुबारा कैसे चमक उठा ?

XIV. दो या तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए। (2x4=8)

1. निंदक को अपने पास क्यों रखना चाहिए?
2. दोनों बालकों की आर्थिक अवस्थाओं में क्या अंतर था?
3. पुलिस के बाद लोगों को बचाने कौन आया और उन्होंने क्या किया ?
4. हमें आज का काम कल पर क्यों नहीं छोड़ना चाहिए ?

XV. नीचे लिखे गए दोहे को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

XVI. साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।
जाके हिरदै साँच है, ताके हिरदै आप।।

1. इस दोहे में तपस्या किसे कहा गया है ? (½)

2. असत्य वादन किसके समान है ? (½)

3. 'आप' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ? (½)

4. इस दोहा के रचयिता कौन हैं ? (1)

5. उपर्युक्त दोहे का भावार्थ लिखिए। (1½)

XVII. निम्नलिखित पंक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए। (4x2=8)

1. ' जहाँ पब्लिक सहयोग ही न करे वहाँ हम क्या कर सकते हैं ' ?

2. आसमान में उड़ता सागर,
लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर।

XVIII. एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिए। (½x6=3)

1. अंबर की तुलना किससे की गई है?

2. मंत्री पुत्र को उसकी भूल का एहसास किसने कराया?

3. 'एक बूँद' कविता के कवि का क्या नाम है?

4. लेखक ने किसे फोन किया?

5. भारत – सरकार ने पोलियो मुक्ति अभियान कब शुरु किया?

6. छह वर्ष बाद कौन प्रकांड पंडित बन गया?

************